

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–233/2026

सहायक प्राध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया पर विचार हेतु गठित उच्चस्तरीय समिति ने आमजन एवं शैक्षणिक जगत से सुझाव आमंत्रित किए

पटना 30 अक्टूबर, 2026 :– बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से बिहार लोक भवन द्वारा एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए वर्तमान व्यवस्था तथा इस संबंध में अधिसूचित परिनियमों की विस्तृत समीक्षा करेगी और आवश्यक सुधारों के संबंध में अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत करेगी।

इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने बताया कि समिति द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार–विमर्श किया जाएगा। इस क्रम में राज्य के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, शैक्षणिक विशेषज्ञों, विभिन्न संगठनों एवं आम नागरिकों से भी सुझाव एवं अभिमत आमंत्रित किए गए हैं।

श्री सिंह ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं, यथा– चयन प्रक्रिया, आयु–सीमा, शैक्षणिक मूल्यांकन एवं अन्य संबंधित विषयों पर अपने सुझाव एवं अभिमत बिहार लोक भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तिथि के उपरांत केवल निर्धारित ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्राप्त सुझावों एवं अभिमतों को ही समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा तथा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

श्री दीपक कुमार सिंह ने राज्य के सभी संबंधित हितधारकों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं आम नागरिकों से इस परामर्श प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अपने सुझाव एवं अभिमत प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अकादमिक उत्कृष्टता के अनुरूप बनाने हेतु आवश्यक सुधार किए जा सकें।

.....